दिन– शनिवार दिनांक– 01 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोक सभा में वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट पेश करेंगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का चौथा चरण आज से। भागलपुर में एक सौ इकतालीस विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा आज से शुरू। बारह लाख से अधिक अभ्यर्थी हो रहे हैं शामिल।

04. और, अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार की महिला रग्बी टीम ने रजत पदक जीता। पटना के शुभम ने वुशू मुकाबले के फाईनल में जगह पक्की की।

———————————————————————

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोक सभा में वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट होगा। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

पटना स्थित बिहार इंस्टिट्‌यूट ऑफ पब्लिक फाइनेस एंड पॉलिसी में असिस्टेंट प्रोफेसर और अर्थशास्त्री सुधांशु कुमार ने कहा है कि केन्द्रीय बजट से बिहार को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि बजट में प्रदेश को विशेष वित्तीय प्रावधान प्राप्त होने की सम्भावना है।

———बाईट———

वहीं, आम लोगों को भी केन्द्रीय बजट से काफी एत्सुकता है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य क्षेत्रों में बजट आवंटन बढ़ाएं जाने की उम्मीद व्यक्त की है।

———वॉक्सपॉप——

———————————————————————

आज केंद्रीय बजट पेश किए जाने को देखते हुए बम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज कारोबार के लिए खुले रहेंगे। यह तीसरा मौका है जब बजट के कारण शनिवार को शेयर बाजार खोला गया है। इससे पहले, एक फरवरी दो हजार बीस और अट्‌ठाईस फरवरी दो हजार पन्द्रह को बजट पेश किए जाने के कारण

शनिवार को शेयर बाजार खुले रहे थे। आज सामान्य दिनों की ही तरह शेयर बाजार सुबह सवा नौ बजे से दोपहर साढे तीन बजे तक खुले रहेंगे। कमोडिटी डेरिवेटिव बाजार में शाम साढे पांच बजे तक कारोबार हो सकेगा। आज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में भी लाइव ट्रेडिंग सेशन होगा। इधर, राज्य सरकार के अधीन संचालित सचिवालय कोषागार आज और राज्य के सभी कोषागार कल खुले रहेंगे। वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

———————————————————————————

आकाशवाणी से सुबह दस बजकर दस मिनट से रात दस बजे तक बजट से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।

———बजट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज से प्रगति यात्रा के चौथे चरण की शुरूआत करेंगे। इस दौरान पहले दिन वे भागलपुर में एक सौ इकतालीस विभिन्न विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। और ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता।

———बाईट———

मुख्यमंत्री आज भागलपुर के इंटर स्तरीय विद्यालय बहादुरपुर सबौर के खेल मैदान में एक हजार सत्तासी करोड़ रूपये से अधिक की तेरासी योजनाओं का उद्‌घाटन और लगभग एक सौ सैंतालीस करोड़ रुपए की अंठावन योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री सबौर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में भी कृषि संबंधी विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के आगमन को ले जगह जगह सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर विनोद कुमार।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा आज से शुरू हो रही है। परीक्षा पन्द्रह फरवरी तक चलेगी। इस परीक्षा में बारह लाख बानवे हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के लिए राज्यभर में एक हजार छह सौ सतहत्तर केन्द्र बनाये गये हैं। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों के दो सौ मीटर के दायरे में धारा एक सौ चौवालीस लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है। इधर, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकमनाएं दी हैं।

———————————————————————————

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने महाकुम्भ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बस सेवा की शुरूआत की है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह बस प्रतिदिन पटना से आरा, मोहनिया और वाराणसी के रास्ते प्रयागराज पहुंचेगी। यह सेवा अट्ठाईस फरवरी तक जारी रहेगी। पटना से यह बस रात साढ़े आठ बजे रवाना होकर सुबह चार बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वहीं, प्रयागराज से रात दस बजे यह बस चलेगी, जो अगले दिन सुबह पांच बजे पटना पहुंचेगी। बस का प्रति व्यक्ति किराया पांच सौ पचास रूपये निर्धारित है।

———————————————————————

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि कर्मचारी राज्य बीमा–ईएसआई गवर्निंग बॉडी का गठन एक सप्ताह में कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के चार लाख से अधिक बीमित कामगारों और कर्मियों को लाभ होगा। मंत्री ने कहा कि कर्मियों को कैश लेस ईलाज के साथ ही उनके वेतन की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान भी आसानी से हो सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि वन नेशन वन लेबर कार्ड से बिहार के श्रमिकों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि देशभर के निबंधित निर्माण कामगारों के डाटा को जमा करने के लिए पैन इंडिया पोर्टल के निर्माण का प्रस्ताव भी है।

———————————————————————

गया के गांधी मैदान में आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ताओं का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि सम्मेलन में भाजपा, जदयू, हम पार्टी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और लोजपा रामविलास के नेता और कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

———————————————————————

प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज और तीन फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ का राज्य में कोई खास असर नहीं पड़ेगा। इसके चलते कुछ स्थानों पर बादल छाये रहने के साथ ही हल्की बूंदाबांदी की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————

देहरादून में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार की महिला रग्बी टीम ने रजत पदक प्राप्त किया है। फाईनल मुकाबले में ओडिशा ने उनतीस–पांच से जीत दर्ज की। वहीं, वुशू के सेमीफाईनल मुकाबले में पटना के शुभम ने पंजाब के अर्जुन को

पराजित कर फाईनल में जगह पक्की कर ली है। बिहार के खिलाड़ियों का प्रदर्शन साईकिलिंग, स्क्वैश और निशानेबाजी में भी अच्छा रहा है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयान पर उठे विवाद का शीर्षक लगाया है— राष्ट्रपति के सम्मान पर संग्राम।

दैनिक जागरण लिखता है— वैश्विक नहीं घरेलू स्तर पर लिखनी होगी विकास गाथा।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को तरजीह देते हुये लिखा है— मिडिल क्लास पर आज लक्ष्मी की कृपा।

प्रभात खबर ने अपने पहले पन्ने पर राज्यभर में सहकारी बैंक की उनतालीस नई शाखाएं खुलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है— पटना के सगुना मोड़ पर ज्वेलरी शो—रूम से चालीस लाख के आभूषण लूटे।

आज अखबार की सुर्खी है— बिहार बोर्ड, बारहवीं की परीक्षा आज से।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोक सभा में वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस का बजट पेश करेंगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का चौथा चरण आज से। भागलपुर में एक सौ इकतालीस विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा आज से शुरू। बारह लाख से अधिक अभ्यर्थी हो रहे हैं शामिल।

04. और, अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार की महिला रग्बी टीम ने रजत पदक जीता। पटना के शुभम ने वुशू मुकाबले के फाईनल में जगह पक्की की।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।